भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2055**

11 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

**इस्पात उत्पादन**

**2055. श्रीमती माला राय:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में इस्पात उत्पादन का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह उत्पादन घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में क्रूड इस्पात एवं तैयार इस्पात के उत्पादन और तैयार इस्पात की खपत का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **क्रूड इस्पात** | **तैयार इस्पात** | |
|---|---|---|---|
| | **उत्पादन** | **उत्पादन** | **खपत** |
| 2019-20 | 109.14 | 102.62 | 100.17 |
| 2020-21 | 103.54 | 96.2 | 94.89 |
| 2021-22 | 120.29 | 113.6 | 105.75 |
| 2022-23 | 127.2 | 123.2 | 119.89 |
| 2023-24 | 144.3 | 139.15 | 136.29 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); सभी आंकड़े मिलियन टन में | | | |

उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि इस अवधि में तैयार इस्पात का उत्पादन इसकी खपत से अधिक रहा है। इस प्रकार, घरेलू मांग की पूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उत्पादन से ही होती है।

*****